हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 दिसंबर 2025

04 31 दिसंबर तक पीएम आवास का काम पूरा...



08 सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का...





## खबर संक्षेप

### चाइनीज़ मांझे से बाइक सवार युवक घायल



**इटारसी।** ओवरब्रिज पर पतंग उड़ाने में उपयोग किए जा रहे प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार युवक भूपेंद्र सराठे की उगलियां कटीं और गर्दन पर भी हल्की खरोंच आई है। भूपेंद्र अपनी शिक्षक पत्नी को छोड़ने के लिए बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान ओवरब्रिज पर हवा में लटका हुआ चाइनीज़ मांझा अचानक उनकी गर्दन और हाथ की उंगलियों में उलझ गया। मांझा इतना तेज था कि गर्दन कटते-कटते बची, वहीं हाथ की उंगलियों में भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार समय रहते मदद मिल जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।इस घटना ने एक बार फिर चाइनीज़ मांझे के खतरनाक उपयोग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन द्वारा प्रतिबंध के बावजूद शहर में खुलेआम चाइनीज़ मांझे का उपयोग किया जा रहा है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चाइनीज़ मांझे की बिक्री और उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### सेस्टोबॉल चैंपियनशिप में जीती ट्रॉफी



**नर्मदापुरम।** जिले की सेस्टोबॉल टीम ने जबलपुर में आयोजित स्टेट सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर सेस्टोबॉल चैंपियनशिप 2025 में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 10 से 15 से अधिक टीमों ने भाग लिया था, जिसमें नर्मदापुरम जिले की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। सब-जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी जीती। इस सफलता का श्रेय टीम के श्रेष्ठ कोच उत्कर्ष मालवीय की उत्कृष्ट कोचिंग, जुनून और प्रेरणा को दिया गया है। नगरवासियों ने टीम को इस बड़ी जीत पर हार्दिक बधाई दी है।

### वेयरहाउस और ट्रक मालिक परेशान

**इटारसी।** खेड़ा स्थित ब्रिज का निर्माण कार्य बंद पड़े होने के कारण भारी वाहनों का आवागमन रुका हुआ है। इस स्थिति के कारण क्षेत्र के वेयरहाउस मालिकों और ट्रक मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### टक्कर से 12 वर्षीय लड़की और मोटरसाइकिल चालक भी घायल

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, मृतका के परिजनों ने 7 घंटे किया चक्का जाम

सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मौत से आहत परिजनों ने मुख्यमार्ग पर चक्काजाम कर दिया जिससे राहगीरों को करीब 7 घंटे दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

बज्जरवाड़ा निवासी एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। घटना में बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वही मोटरसाइकिल सवार दो अन्य लोग गंभीर घायल हुए हैं। मृतक के परिजनों ने हाईवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। जिससे करीब 7 घंटे नर्मदापुरम माखननगर मुख्य मार्ग बाधित रहा। अधिकारियों की समझाइश के बाद परिजन शव के अंतिम संस्कार को लेकर गए।

दरअसल बज्जरवाड़ा की 65 वर्षीय कपिया बाई अपने नाती शिवप्रसाद के साथ मोटरसाइकिल से बुधनी से वापस बज्जरवाड़ा आ रही थी। तभी कॉलेज के सामने हाईवे पर पीछे से तेज गति से ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 4080 ने टक्कर मार दी। ट्रक कपिया बाई को कुचलते हुए निकल गया। जिससे कपिया बाई 65 की मौके पर ही मौत हो गई और मोटरसाइकिल पर बैठे शिवप्रसाद और प्रियांशी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपनी अभिरक्षा में लिया और घायलों को इलाज के लिए जिला स्थान भेजा जहां से घायलों को इलाज के लिए भोपाल रैफर किया गया है।

**घायलों का इलाज, शासन से सहायता की कही बात:** मामले की गंभीरता देखते हुए एसडीएम नर्मदापुरम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतिका के परिजनो से बात की। उनका कहना था मृतिका को मुआवजा मिले एवं घायलों को उचित उपचार करा कर नौकरी दी जाए। जिसके बाद अधिकारियों ने समाज के लोग एवं गांव के सरपंच महेंद्र यादव के साथ बैठक कर पंचनामा तैयार किया। जिसमें घायलों का प्राइवेट अस्पताल में उच्च स्तर का इलाज एवं मृतिका के परिजनों को शासन स्तर से ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता प्रदान कराई जाएगी। तब जाकर परिजन सहमत हुए और शाम को 5 बजे जाम खत्म हुआ। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। जिससे यात्री परेशान होते रहे।

मृतिका के परिजन के साथ एसडीएम सोलंकी ने चर्चा की जिसके बाद यातायात व्यवस्था शुरू हुई। प्रशासन ने मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### सड़क पर शव रखकर किया चक्का जाम

दुर्घटना की खबर परिजनों को मिलते ही वह मौके पर पहुंचे मृतिका का शव सड़क पर रखकर ड्राइवर और ट्रक मालिक को तुरंत बुलाने की मांग कर चक्का जाम कर दिया। दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल हटाने पर पुलिस और मृतका के परिजनों के बीच बहस धक्का मुक्की हुई। इस बीच अहिरवार समाज के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और सड़क पर बैठकर प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। घटनास्थल पर एसडीओपी पुलिस सोहागपुर संजीव चौहान, माखननगर टीआई अनूप उइके सोहागपुर टीआई, तहसीलदार महेंद्र चौहान, नायब तहसीलदार अंकित मौर्य ने पहुंच कर मृतका के परिजनों को समझने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे।

### इनका कहना है...

- सोमवार सुबह 10 :00 बजे के आसपास ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। एक बालिका प्रियांशी और हेमंत उर्फ शिवप्रसाद घायल हुए हैं। जिनका एम्स में इलाज चल रहा है। मृतका के परिजनों को शासन स्तर से अधिक से अधिक आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। जय सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम

## पुलिस का फसल सीजन सुरक्षा: अभियान

# किसानों को जालसाजों व लुटेरों से सावधान रहने की हिदायत दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

फसल कटाई और बिक्री के सीजन को देखते हुए इटारसी पुलिस ने किसानों की सुरक्षा के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल बेचकर घर लौटते समय संभावित लूट और जालसाजी की घटनाओं से सतर्क करना है। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर बैंक, मंडी, व्यापारियों के प्रतिष्ठान, सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाकर और अन्य माध्यमों से जालसाजों, ठगों, और अनजान व्यक्तियों से रहें सावधान का संदेश प्रसारित किया है।

**लाखों की लूट की घटना रोकने की पहल:** यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले वर्षों में फसल बिक्री के बाद किसानों से लाखों रुपये की लूट की कई गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। अनाज बेचकर नकद राशि लेकर घर लौट रहे किसानों को अक्सर निशाना बनाया जाता रहा है। इटारसी पुलिस के अनुसार ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने यह सघन अभियान चलाया जा रहा है ताकि किसान अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकें।

**किसानों के लिए आवश्यक निर्देश** नकद राशि की सुरक्षा: फसल बेचने के उपरांत प्राप्त होने वाली नकद राशि को अत्यधिक सुरक्षित ढंग से अपने पास रखें।

**अपरिचितों से दूरी:** किसी भी अनजान व्यक्ति अथवा जालसाजों की बातों में न आएं और सतर्क रहें।

**बैंक खाते की गोपनीयता:** अपने बैंक संबंधी खाता नंबर एवं पासवर्ड किसी भी व्यक्ति को न दें। संदिग्ध दिखने पर तुरंत करें संपर्कपुलिस ने किसानों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि के दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# वार्ड 33 में विधायक निधि से बन रही सड़क का नगरपालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड क्रमांक 33 में विधायक निधि से निर्माणाधीन 100 मीटर सीसी सड़क का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, उपयोग हो रही सामग्री एवं प्रगति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना परिषद की प्राथमिकता है। सड़क निर्माण से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के मौसम में होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी।

उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न करने की बात कही। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि रमेश धुरिया, इंजीनियर, आदित्य पांडेय एवं गोपाल शर्मा उपस्थित रहे।

## साल की आखिरी लोक अदालत बनी 'संजीवनी', नगर पालिका को मिला 83 लाख का वित्तीय सहारा

**इटारसी।** नगर पालिका परिषद इटारसी के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन वित्तीय संकट के बीच एक बड़ी राहत लेकर आया है। तमाम चुनौतियों के बावजूद, इस लोक अदालत के माध्यम से नगर पालिका ने कुल 83 लाख रुपये की प्रभावशाली वसूली की है। एसआइ आर सर्वे के बावजूद सफल वसूलीयह सफलता इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि लोक अदालत के आयोजन के दौरान नगर पालिका के सभी वसूलीकर्ता भारत निर्वाचन आयोग के एस आइ आर सर्वे कार्य में लगे हुए थे।

राजस्व कर्मचारियों की अनुपस्थिति के बावजूद, राजस्व निरीक्षक के विशेष प्रयासों के कारण यह बड़ी वसूली संभव हो पाई। संकटग्रस्त पालिका को मिला 'बड़ा सहारा'नगर पालिका परिषद इटारसी जो वित्तीय संकट से जूझ रही थी, उसे इस लोक अदालत के माध्यम से बड़ी राहत मिली है। लाखों रुपये की यह वसूली नगरपालिका को बड़ा वित्तीय सहारा प्रदान करेगी, जिससे विकास कार्यों और आवश्यक खर्चों को गति मिल सकेगी।

# स्कूल शिक्षा विभाग ने शास. स्कूल सिवनी मालवा में किया नि:शुल्क साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल योजना के तहत शासकीय नवीन हाई स्कूल सिवनी मालवा में आज द्वितीय चरण का साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस चरण में कक्षा 9 वीं के 16 विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की गईं। मुख्य अतिथि ईश्वर जमींदार, नगर पालिका पार्षद, ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए साइकिलें वितरित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे प्रतिदिन साइकिल से समय पर स्कूल आएं, अध्ययन करें और समय पर घर लौटें।

श्री जमींदार ने सरकार की इस योजना का लाभ विद्या अध्ययन में सुगम तरीके से विद्यालय पहुंचने हेतु अवश्य करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रदीप लौवंशी एवं विनोद मालवीय, प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाटिल तथा शिक्षक मणिशंकर शर्मा भी मौजूद थे।

**इन गांवों के विद्यार्थियों को मिला लाभ:** यह निःशुल्क साइकिल योजना उन पात्र विद्यार्थियों के लिए है जो विद्यालय से 2 किलोमीटर से अधिक दूरी से आते हैं।

साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में गंगिया से आनंद कुमार, बाबडिय़ा बापू से आयुष, धामनिया से अमन, नाहरकोला खुर्द से अंकित कुमार, अर्जुन सिंह और आयुष कुमार, सहजकुई से बसंत धुर्वे, कार्तिक राजपूत, मयंक और मोहित, बिल्धी से कार्तिक, बाराखड से मयंक, झाड़बिड़ा से प्रियांशु, बांकाबेड़ी से राजा कुमार, और तीनस्या, निपानिया से रोहन कुमार शामिल रहे।

## सांसद ने ब्रिज निर्माण के दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

# बदहाल ब्रिज मामला का पहुंचा रेल मंत्री तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी में द पार्क रिसॉर्ट के सामने निर्मित गुणवत्ताहीन ब्रिज की शिकायत अब देश के रेलमंत्री तक पहुंच गई है। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर नर्मदापुरम-इटारसी रोड पर निर्मित रेलवे ओवरब्रिज के गुणवत्ता विहीन निर्माण की शिकायत कर पुनः निर्माण की मांग रखते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण रेल विषयों पर चर्चा की।

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने सोमवार को भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण रेल विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में चल रहे रेल कार्यों की गुणवत्ता और यात्री सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए।



### ब्रिज निर्माण के दोषियों पर हो कार्रवाई

सांसद नारोलिया ने द पार्क होटल के सामने इटारसी रोड पर निर्मित रेलवे ओवरब्रिज के गुणवत्ता विहीन निर्माण की शिकायत करते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए जाने, दोषियों पर कड़ी कार्यवाही एवं पुनः निर्माण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज के निर्माण में लापरवाही से आमजन की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। इसके साथ ही अमृत योजना के अंतर्गत नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर कराए गए विकास कार्यों की भी जांच कराए जाने तथा अनियमितताओं पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग रेल मंत्री के समक्ष रखी।

### ट्रेन का नाम आचार्य विद्यासागर रखने की मांग

बैठक में सांसद नारोलिया ने जबलपुर–रायपुर इंटरसिटी ट्रेन का नाम महान संत आचार्य विद्यासागर के सम्मान में "आचार्य विद्यासागर इंटरसिटी ट्रेन" अथवा उनके प्रसिद्ध ग्रंथ के नाम पर "मूकमाटी इंटरसिटी ट्रेन" रखे जाने का प्रस्ताव भी दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आश्वासित किया। उन्होंने गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को प्रकरणों की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देने की बात कही।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक 18 को

**बैतूल।** भूतपूर्व सैनिकों की मासिक बैठक 18 दिसंबर को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी। कैप्टन आईएन सुमीत सिंह सेवानिवृत्ति जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मेडिटेशन सप्ताह मनाने के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आधे घंटे की मेडिटेशन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### संभागायुक्त ने चिचोली में विशेष गहन पुनरीक्षण का किया निरीक्षण

**बैतूल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत सोमवार को संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने बैतूल जिले की विधानसभा 132 घोड़ाडोंगरी के मतदान केंद्रों पर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण कर समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विधानसभा क्षेत्र 132-घोड़ाडोंगरी में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से चल रहे पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 132-घोड़ाडोंगरी के मतदान केंद्र क्रमांक 274 एवं 278 का भ्रमण कर संबंधित बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया।

### जिला फुटबाल संघ के कर्मचारी पर लगाए गंभीर आरोप

**बैतूल।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा प्रतिबंधित किए गए जिले के खिलाड़ी जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल से मिले। खिलाडय़ों ने बहाली के लिए जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष को निवेदन पत्र सौंपा। शिकायतकर्ता गुलशन यादव, नवनीत पवार, नितिन भिंजरे,अतुल, कलश गौर ने भविष्य में किसी अनाधिकृत फुटबॉल प्रतियोगिता में नहीं खेलने का आश्वासन दिया है। खिलाडय़ों ने आरोप लगाए है कि बैतूल के डीएफए के जिम्मेदार बनाए गए कर्मचारी चुनिंदा टीमों के खिलाडय़ों को द्वेषपूर्ण भावना से ग्रसित होकर बैन करवा रहे है। उनकी फोटो वीडियो म.प्र फुटबॉल संघ को भेजकर बैन करवा रहे है जबकि जिले के सभी टीमें और उनके खिलाड़ी अनाधिकृत फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। लेकिन बैन केवल चुनिंदा टीमों और खिलाडय़ों पर लगाया गया है इस शिकायत के बाद डीएफए अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने खिलाडय़ों को आश्वस्त किया है कि जल्द ही बैन चल रहे खिलाड़ियों का बैन हटाने के लिए मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ को पत्र लिख कर बैन हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### क्रांति कुमार त्रिवेदी का निधन, अंत्येष्टि आज

**बैतूल।** अधिवक्ता स्वदेश त्रिवेदी के बड़े भाई, सिविल इंजीनियर राकेश त्रिवेदी, शिक्षक जयेश त्रिवेदी के पिता एवं कांग्रेस नेता सोमेश त्रिवेदी के बड़े पिता जी क्रांति कुमार त्रिवेदी(86) का सोमवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा आज मंगलवार को उनके अष्टविनायक कालोनी, रानीपुर रोड, गौठाना, बैतूल स्थित निज निवास से सुबह 10 बजे निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार कोठीबाजार मोक्षधाम में किया जाएगा। क्रांति कुमार त्रिवेदी के निधन पर जिले के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, सामाजिक बंधुओं, ईष्टमित्रों, शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त किया है।

## जिले की निकायों में 405 पीएम आवास अधूरे, सारणी में अंडर कंट्रक्शन मल्टी स्टोरी

# 31 दिसंबर तक पीएम आवास का काम पूरा नहीं कराया तो होगी कार्रवाई



**जिले की निकायों में पीएम आवास की स्थिति**

| निकाय | स्वीकृत | पूर्ण | अपूर्ण |
|---|---|---|---|
| आमला | 553 | 542 | 11 |
| आठनेर | 1151 | 1097 | 54 |
| बैतूल | 2745 | 2697 | 48 |
| बैतूलबाजार | 838 | 772 | 66 |
| भैंसदेही | 1017 | 968 | 49 |
| चिचोली | 1001 | 886 | 115 |
| घोड़ाडोंगरी | 231 | 220 | 11 |
| मुलताई | 981 | 962 | 19 |
| शाहपुर | 358 | 326 | 32 |

(उपरोक्त आंकड़े प्राप्त जानकारी के अनुसार)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पीएम आवास योजना (शहरी) 1.0 का क्रियान्वयन वैसे तो मार्च 2025 में पूर्ण हो चुका है, लेकिन सरकार ने अधूरे आवास को पूर्ण करने के लिए 31 दिसंबर तक की डेडलाइन दी थी। जिसके बाद पीएम आवास योजना (शहरी) 1.0 पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। केवल पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 लागू रहेगी, जिसके लिए वर्तमान में नए आवेदन लिए जा रहे हैं।

सरकार चाहती है कि प्रथम चरण में स्वीकृत और अधूरे मकान समय पर पूरे हो जाएं, ताकि योजना की साख बनी रहे। इसी उद्देश्य को लेकर केंद्र सरकार ने स्पष्ट कहा था कि 31 दिसंबर 2025 तक हर हाल में अधूरे आवास पूर्ण कराये जाये, लेकिन जिले की निकायों में अभी भी 405 पीएम आवास अधूरे है। इन आवासों के अधूरे होने के पीछे हितग्राहियों की ही लापरवाही बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि हितग्राहियों ने शासन से मिलने वाली राशि तो ले ली, लेकिन नियमानुसार निर्माण नहीं किया। जिसकी वजह से उनकी अगली किस्त नहीं आई। अब 31 दिसंबर तक आवास पूर्ण नहीं हुए तो सरकार से मिलने वाले निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाही की होगी या ऐसे हितग्राहियों पर रिकवरी, बैंक खाते सीज करने तथा कुर्की जैसी कार्रवाही भी हो सकती है।

### 8875 आवास स्वीकृत, 8470 पूर्ण

जिले की 10 नगरपालिका और नगर परिषद में से 9 नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के तहत 8875 आवास स्वीकृत हुए थे, जिसमें से 8470 आवास पूर्ण हो गये, वहीं 405 आवास अभी भी किस्त न मिलने सहित अन्य कारणों से अधूरे पड़े है।वहीं सारणी नगरपालिका में पीएम आवास के तहत मोरडोंगरी रोड वार्ड नंबर एक में पीएम आवास की मल्टी स्टोरी (एएचपी) बनाई जा रही है। जिसमें करीब 456 प्लैट बन रहे है। इनका काम अभी पूर्ण नहीं हुआ है। नगरपालिका सारणी के श्री वराठे ने बताया कि फिनिशिंग का काम चल रहा है। कोरोना काल सहित रिवाइस के कारण निर्माण में देरी हुई है। उम्मीद है कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक मल्टी स्टोरी बनकर तैयार हो जायेगी।

### 405 पीएम आवास अपूर्ण

जिले की निकायों में पीएम आवास योजना के तहत पक्के मकान स्वीकृत हुए थे। जिसमें से 405 आवास अभी अपूर्ण है। बताया जा रहा है कि सबसे अधिक अपूर्ण मकान चिचोली नगर परिषद में है। यहां 115 आवास अपूर्ण है, जबकि आमला और घोड़ाडोंगरी निकाय में मात्र 11-11 आवास ऐसे है, जो पूरे नहीं हुए है। इसके अलावा आठनेर में 54 आवास, बैतूल 48, बैतूल बाजार 66, भैंसदेही 49, मुलताई 19, शाहपुर 32 आवास अपूर्ण है। बता दे कि पीएम आवास योजना के तहत नगरीय निकाय में ढाई लाख रुपए की सहायता राशि दी जाती है, ताकि कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों का अपना घर का सपना साकार हो सके। लेकिन पीएम आवास के प्रकरण स्वीकृत होने के बाद कई हितग्राहियों ने आवास निर्माण न कराकर आवास की पहली किस्त या दूसरी किस्त अन्य कार्यो में खर्च कर दी। जिससे आवास पूर्ण नहीं हो पाये। अब शासन ने ऐसे हितग्राहियों से राशि की वसूली का आदेश दिया है।

### बैतूल नपा में 7 हितग्राहियों से 6.10 लाख की रिकवरी

बताया जा रहा है कि नगरपालिका बैतूल के अंतर्गत 24 ऐसे हितग्राही थे, जिन्होंने पीएम आवास की राशि तो ले ली, लेकिन आवास नहीं बनाये। इनमें से 7 हितग्राहियों से 6.10 लाख हजार की राशि वसूली की जा चुका है, वहीं शेष हितग्राहियों को राशि के लिए नोटिस जारी किये है। इन हितग्राहियों से कुल 13.90 लाख रूपये की राशि वसूल की जानी है। वहीं जिले में करीब 178 हितग्राही है, जिनसे राशि की वसूली होना है। बताया जा रहा है कि जनवरी से आवास 2.0 योजना शुरू हो जायेगी। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन बुलाए जा रहे है। आवेदन के सत्यापन के बाद ही राशि खातों में जारी की जा रही है, ताकि पात्र हितग्राही को इसका लाभ मिल सके।

**समय दिया है**

पीएम आवास योजना (शहरी) 1.0 की अवधि मार्च 2025 में ही खत्म हो गई थी, लेकिन जो आवास अपूर्ण थे, उन्हें पूर्ण करने के लिए सरकार द्वारा 31 दिसंबर तक की अवधि का समय दिया था। जिन्होंने राशि लेने के बाद भी निर्माण नहीं किया है उनके खिलाफ आरआरसी करवाई है। वसूली की जा रही है। तहसीलदार के माध्यम से पत्र भेजे गये है। 31 दिसंबर तक जिन्होंने प्राप्त किस्त के अनुसार कार्य नहीं किया है, उनसे वसूली की जायेगी। खाते सीज करने, संपत्ति कुर्की जैसी कार्रवाई भी हो सकती है।

**- सतीश मटसेनिया**, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

## अलाव का लोग ले रहे सहारा

# दिसंबर में दूसरी सबसे ठंडी रात, पारा 7.8 पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



उत्तर दिशा से आ रही ठंडी हवाओं के कारण जिले का तापमान लगातार नीचे लुढकते जा रहा है। रविवार रात का तापमान 7.8 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं एक दिन पहले रात का तापमान 8.7 डिग्री पर था। तापमान के गिरने से जिले में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन की दूसरी सबसे ठंडी रात रही।

इससे पहले 11 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। मौसम विभाग के अनुसार, जिले में 23 नवंबर से तापमान में लगातार गिरावट देखी जा रही है। नवंबर के अंतिम सप्ताह में रात का तापमान 14 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच था, जबकि अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था। दिसंबर के पहले सप्ताह में पारा धीरे-धीरे 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आने लगा। 11 दिसंबर को सीजन का सबसे न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 12 दिसंबर के बाद से सुबह तेज सर्द हवाएं और कोहरा महसूस किया जा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तर दिशा से आ रही ठंडी हवाएं अब मध्यप्रदेश के मध्य हिस्सों तक पहुंच चुकी हैं। इसके परिणामस्वरूप, आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। सुबह के समय सैर के लिए निकलने वाले लोगों ने भी कड़ाके की ठंड महसूस की। शहर के कई इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी के बावजूद, शाम होते ही ठंड फिर बढ़ जाती है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस या उससे भी नीचे जा सकता है। इससे बैतूल और आसपास के क्षेत्रों में सर्दी अपने चरम पर पहुंच जाएगी।

## केंद्रीय विद्यालय संगठन का स्थापना दिवस मनाया



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में केंद्रीय विद्यालय संगठन का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर ललित तिरके, एपीएम, डब्ल्यूसीएल पाथाखेड़ा क्षेत्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में केंद्रीय विद्यालय संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सर्वांगीण विकास के बारे में प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक वर्ग के बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात शिक्षक हरिओम सुथार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए इसके उद्देश्यों और विद्यार्थियों के भविष्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के पूर्व छात्र एवं केबीसी के प्रतिभागी रह चुके सारनी के गौरव शैलेश चौधरी ने विशेष अतिथि के रूप में अपने विद्यालय के दिनों को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में केंद्रीय विद्यालयों की सार्वभौमिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज केंद्रीय विद्यालय न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी भारत का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। अंत में ब्रजेश वर्मा द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

## स्वदेशी मेले में चाकूबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




बैतूल। स्वदेशी मेले में चाकूबाजी कर युवक को घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी कृष्णा पिता रामप्रसाद आर्य (52) निवासी चन्द्रशेखर वार्ड लिंक रोड बैतूल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 दिसंबर को रात्रि लगभग 08.40 बजे उनका पुत्र भूषण आर्य अपने दोस्तों के साथ पुलिस ग्राउंड बैतूल में आयोजित स्वदेशी मेले में घूमने गया था। रात्रि लगभग 9.30 बजे फरियादी को सूचना प्राप्त हुई कि मेले में कुलदीप नामक व्यक्ति ने उनके पुत्र को चाकू मार दिया है। सूचना पर फरियादी मौके पर पहुँचे, जहाँ उनके पुत्र भूषण आर्य ने बताया कि वह अपने मित्र दमन महाजन एवं भानू उर्फ आयुष आर्य के साथ मेला घूम रहा था। इसी दौरान मेले में बलून की दुकान के पास दीपक एवं कुलदीप मिले, जिन्होंने उसे यह कहकर अलग ले गए कि उससे अकेले में बात करनी है।

इसके पश्चात झूले के पीछे ले जाकर दोनों आरोपियों ने माँ-बहन की गालियाँ देते हुए झूमाझटकी शुरू कर दी। गालियाँ देने से मना करने पर दीपक ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा कुलदीप ने अपनी जेब से चाकू निकालकर भूषण आर्य की पीठ के बाईं ओर कमर में चाकू मार दिया। रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी दीपक बडेल एवं उसका भाई अपने मामा के घर स्वीपर मोहल्ला, बैल बाजार में मौजूद हैं। सूचना की तस्दीक पर थाना गंज पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश देकर आरोपी दीपक पिता गोलू बडेल, उम्र 20 वर्ष, निवासी भगत सिंह वार्ड, सदर एवं उसके भाई विधि विरुद्ध अवयस्क बालक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया। उक्त कार्यवाही में डीएसपी शैफा हाशमी, उप निरीक्षक पवन कुमरे, प्रधान आरक्षक नीलेश मीणा, प्रधान आरक्षक संदीप इमना, आरक्षक गजानंद एवं आरक्षक नरेन्द्र की विशेष भूमिका रही।



## कोरकू समाज का मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

कोरकू समाज का मिलन समारोह ग्राम पंचायत सालीमेट के मानसिंहपुरा में पंचायत सरपंच वीरेंद्र बारस्कर एवं बिलकिस बारस्कर जिला जनपद सदस्य के निज निवास पर आयोजित किया गया। जिसमें कोरकू समाज के लोग एवं हरदा, टिमरनी, बीजादेही, धपाड़ा, कनारी पाठ, चिचोली, भैंसदेही, भीमपुर, घोड़ाडोंगरी, और बैतूल जिले से शामिल हुए। सम्मेलन कोरकू समाज की रीति, रिवाज, सांस्कृतिक धरोहर को बरकरार रखने एवं अपने समाज के रीति-रिवाज को आगे बढ़ाने तथा नई पीढ़ी को उससे अवगत कराने के उद्देश्य से रखा गया था। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी परंपरा, संस्कृति के लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कोरकू समाज के पदों पर रहे कर्मचारी एवं वर्तमान में जो पदों पर उपस्थित है, उन्हें समाज को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई। साथ ही आश्वासन दिया कि कोई दिक्कत होती है या आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है, तो उन्हें पूर्ण रूप से सहयोग दिया जायेगा। सभी ने कोरकू समाज को ऊंचाईयों पर ले जाने का संकल्प लिया गया।

## माध्यमिक शाला पतौवापुरा के 6 बच्चों का चयन




**शाहपुर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अध्यनरत कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों की ओलंपियाड परीक्षा जन शिक्षा केंद्र स्तरीय प्रथम चरण का आयोजन 18 नवंबर को किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम 12 दिसंबर को घोषित किया गया। जिसमें शाहपुर विकासखंड के माध्यमिक शाला पतौवापुरा जन शिक्षा केंद्र कुंडी के 6 बच्चों का चयन जिला स्तर पर होने वाली ओलंपियाड परीक्षा के लिए हुआ। जिसमें नेहा भोरसे, कार्तिका आहाके, सोनम यादव, प्रतीक्षा यादव, माही अकोदिया, महेश प्रजापति शामिल है। माध्यमिक शाला पतौवापुरा के प्रधान पाठक रामकिशन विश्वकर्मा, मुन्नालाल तुमराम, सहदेव राव नागले, बिंदु नामदेव, ललिता चौकीकर, बरखा सिंगारे, विमी जैन, रुचि श्रीवास्तव एवं सभी शाला परिवार के सदस्यों के द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। शाला में पढने वाले शिक्षकों का प्रयास एवं बच्चों की मेहनत का परिणाम है कि इन बच्चों का चयन ओलंपियाड परीक्षा के लिए हुआ। शिक्षकों के द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि इन बच्चों का चयन जिला स्तर पर आयोजित होने वाली ओलंपियाड परीक्षा में भी हो।

### मुख्य अभियंता का किया स्वागत, सम्मान

**सारनी।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष सतीश कुमार बौरासी ने कहा कि एमपीपीजीसीएल में बेहतर प्रबंधन, जनहितकारी कार्यों एवं सेवा भावना को देखते हुए दोनों अधिकारियों को यह सम्मान दिया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संतोष कैथवास, राकेश सोनी, सुनील अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, NO. 15157202F EX GNR, **MAHESH KUMAR YADAV** resident of vill.- Barsali, PO- Lakhapur Teh.- Betul, Distt. Betul (MP) have changed my son's name from **DISHAN** to **DISHAN YADAV** vide affidavit dated 08/12/2025 Before Notary Betul Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I, NO.-15170758K Rank- EX SEP Name- **SEVAK RAM** Resident at Vill.- Dob, Post.- Jam Teh.- Multai, Distt.- Betul. State- MP, Pin- 460663 have changed of my son's Name from **PUNIT to PUNIT HINGWE**, Vide affidavit dated-15-12-25, before Notary Betul Distt.- Betul (MP)

**CHANGE OF NAME**

I, No. 1517347IX, EX GNR **BABLOO PRASAD YADAV** Resident of vill.- Nayeganve, PO- SHAKADEHI, Teh.- Betul, Distt.- Betul (MP) have changed my daughter's name from **VIDHI PRASAD** to **VIDHI YADAV** vide affidavit dated 08/12/2025 before Notary Betul, Distt. Betul (MP)

## संभागीय चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से की खाद्य पदार्थ की जांच

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने नेहरू पार्क चौपाटी का किया निरीक्षण



**बैतूल।** कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सघन जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में 15 दिसंबर को नेहरू पार्क स्थित चौपाटी पर चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटील ने संभागीय चलित खाद्य प्रयोगशाला के केमिस्ट हेमंत कीर, सहायक योगेश दिवगाया व बृजेश पटेल के साथ 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 30 नमूने एकत्र किए, जिसकी जांच चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से की जा रही है। लिए गए नमूने फेल होने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को अपने परिसर में साफ-सफाई रखने और खराब पानी को परिसर के सामने नहीं फेंकने की समझाइश दी। इसके अलावा खाद्य पदार्थ बनाते समय केप व एप्रेन का उपयोग करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि कोई भी आम व्यक्ति चलित खाद्य प्रयोगशाला में 10 रुपए का चालान जमा कर किसी भी खाद्य पदार्थ की जांच करा सकता है।

## फर्जी फर्म के जरिए खाते उपलब्ध कराने वाला, सिम बेचने वाला गिरफ्तार

# साइबर ठगी व अवैध ऑनलाइन बेटिंग नेटवर्क का पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल जिले में सामने आए अब तक के सबसे बड़े संगठित साइबर ठगी एवं अवैध ऑनलाइन बेटिंग नेटवर्क के प्रकरण में बैतूल पुलिस ने निरंतर कार्रवाई करते हुए फर्जी फर्म, म्यूल खातों, अवैध सिम बिक्री एवं अकाउंट खरीद-फरोख्त की पूरी श्रृंखला का खुलासा किया है। 14 दिसंबर को की गई कार्रवाई में 3 अतिरिक्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकरण में अब तक 9.84 करोड़ से अधिक के अवैध ऑनलाइन लेन-देन का खुलासा हो चुका है, जबकि एक म्यूल खाते में सात माह के भीतर 10 करोड़ से अधिक का ट्रांजैक्शन पाया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के निर्देशन में गठित साइबर सेल एवं विशेष एसआईटी टीम द्वारा की गई है। सोमवार को कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बताया कि इस प्रकरण में अब तक कुल 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पूर्व में 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, वहीं तीन आरोपियों को 14 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया है। श्री जैन ने बताया कि 20 नवंबर को प्रथम बड़ी कार्रवाई करते हुए राजा उर्फ आयुष चौहान, अंकित राजपूत और नरेंद्र सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया था, वहीं 07 दिसंबर को अमित अग्रवाल (इंदौर से गिरफ्तार) किया गया। 11 दिसंबर को राजेन्द्र राजपूत (पूर्व में फरार) ब्रजेश महाजन की गिरफ्तारी हुई। 14 दिसंबर को अश्विन धर्मवाल (खंडवा से), प्रवीण जयसवाल (खंडवा से) और पीयूष राठौड़ को बैतूल से गिरफ्तार किया है। प्रकरण में गिरफ्तार सभी आरोपियों से एक-एक मोबाइल फोन जप्त किया गया है, जिनमें अवैध लेन-देन, संपर्क सूत्र एवं डिजिटल साक्ष्य पाए गए हैं। जप्त सामग्री को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। श्री जैन ने बताया कि जप्त डिजिटल उपकरणों का गहन फॉरेंसिक विश्लेषण, अवैध ऑनलाइन बेटिंग व साइबर ठगी की मनी-ट्रेल की विस्तृत जांच और नेटवर्क से जुड़े अन्य फरार एवं सहयोगी आरोपियों की तलाश जारी है।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




















# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

***जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान***



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

## पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा की बैठक 18 को

**हरदा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति व सामान्य सभा की बैठक 18 दिसम्बर को आयोजित की गई है। जिला पंचायत की सीईओ अंजली जोसेफ जोनाथन ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दोपहर 1 बजे से तथा सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

### कैंपस ड्राइव में 33 युवाओं का प्रारंभिक चयन

**हरदा।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को शासकीय आईटीआई हरदा में इजीसॉफ्ट प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा एक दिवसीय कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। प्राचार्य शासकीय आईटीआई हरदा उदयसिंह राठौड़ ने बताया कि कैम्पस ड्राइव में कुल 180 आवेदक उपस्थित हुए। इनमें से 33 आवेदकों का प्रारंभिक चयन कम्पनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। इनमें से टेक्निशियन पद के लिये 31 तथा साइट इंजीनियर पद के लिये 2 आवेदकों का चयन हुआ।

### 11 हितग्राहियों को दी आइस बॉक्स बाइक-की

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने 'धरती आबा अभियान' के अंतर्गत मछुआ समुदाय के 11 हितग्राहियों को आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की चाबियां सौंपीं। यह कार्यक्रम कोलार क्षेत्र की जनजातीय मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों के लिए आयोजित किया गया था। इस पहल का उद्देश्य मछुआ समुदाय का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण करना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि शासन और जिला प्रशासन जनजातीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी पारंपरिक आजीविका को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने 'धरती आबा अभियान' को जनजातीय परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इन आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों से मछुआरों को ताज़ी मछलियों को सुरक्षित रखने, उनका परिवहन करने और दूरस्थ क्षेत्रों तक आसानी से पहुंचाने में मदद मिलेगी। इससे मछलियां लंबे समय तक ताज़ा रहेंगी, जिससे उनकी बिक्री की संभावनाएं बढ़ेंगी और मछुआरों की आय में सीधा लाभ होगा। शासन की यह पहल न केवल मछुआरों की कार्यक्षमता में वृद्धि करेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में भी एक प्रभावी कदम साबित होगी। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के सहायक संचालक प्रशांत हर्ष, निरीक्षक रितेश चौधरी, लेखपाल बीएम सिंह सिसोदिया सहित अन्य अधिकारी और हितग्राही उपस्थित थे।

### बिजली का दुरुपयोग पाए जाने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब ई-वाहन/ई-रिक्शा आदि की चार्जिंग में विद्युत का दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई होगी। कंपनी ने कहा है कि ई-वाहन तथा ई-रिक्शा मालिकों द्वारा उनके वाहनों की चार्जिंग में बिजली का दुरुपयोग किया जाना संज्ञान में आया है। कंपनी ने कहा है कि मैदानी अधिकारियों द्वारा यदि जांच में ऐसा पाया जाता है तो वाहन जप्त कर विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जैविक कृषि उत्पाद, 2.5 लाख तक की हुई बिक्री

**सीहोर।** कृषि विभाग द्वारा सीहोर के बाल बिहार मैदान पर आयोजित किए जा रहे जैविक कृषि उत्पादों के हाट बाजार का भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शुभारंभ किया। यह जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार अब प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। हाट बाजार में जैविक अनाज, दालें, विभिन्न प्रकार की जैविक सब्जियां एवं फल, जैविक कच्ची घानी का शुद्ध तेल, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक हल्दी, जैविक अश्वगंधा सहित अनेक जैविक उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। रविवार को आयोजित प्रथम जैविक प्राकृतिक हाट बाजार में पंजीकृत 25 जैविक कृषकों द्वारा उत्पाद विक्रय के लिए लाए।

---

### खिरकिया में नलों में टोंटी नहीं लगाने वाले उपभोक्ताओं पर पेनल्टी लगाई जाए

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण समाधान होः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को समय सीमा में सतुष्टिपूर्ण समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा है कि इस सेवा में दर्ज शिकायतों का संबंधित अधिकारी बारीकी से अध्ययन करें एवं गंभीरता से निराकरण करें।

सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में खिरकिया नगरीय क्षेत्र में पेयजल उपभोक्ताओं द्वारा घरेलू नल कनेक्शनों में टोंटी नहीं लगाने एवं पेयजल का दुरूपयोग करने संबंधी शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने टोंटी नहीं लगाने वाले उपभोक्ताओं पर पेनाल्टी अधिरोपित करने के लिये वहां के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में संचालित रैनबसेराओं में गीजर लगाकर मुसाफिरों के लिये ठण्ड के मौसम में गर्म पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने हेतु भी संबंधित एसडीएम एवं नगर पालिका अधिकारियों को पाबंद किया। बैठक में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस का प्रतिशत बढ़ाने के भी निर्देश दिये गये। इस दौरान वृंदावन ग्राम योजना, नर्मदा परिक्रमा पथ, मां की बगिया सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिये गये कि पटवारियों के संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बैठने के लिये नियत सोमवार एवं गुरूवार के दिन उनके द्वारा सार्थक एप पर ई-अटेंडेंस लगाई जाए।

#### सम्पत्ति कर वसूला जाए

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्र में आवासीय मकानों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों से नगर पालिका द्वारा व्यावसायिक सम्पत्ति कर वसूला जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा, सभी एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

#### प्राकृतिक कृषि और नरवाई प्रबंधन को लेकर दिए निर्देश

जिले में प्राकृतिक/जैविक कृषि, नरवाई प्रबंधन और कृषि अवसंरचना निधि की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कृषि संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान प्राकृतिक/जैविक कृषि अंतर्गत विकासखंड स्तर पर टिमरनी में जैविक हाट बाजार के संचालन तथा विकासखंड हरदा व खिरकिया में जैविक हाट बाजार के शुभारंभ के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने बायो रिसोर्स सेन्टर की स्थापना एवं लाल बहादुर शास्त्री पशु पालन पत्रोंपाधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्राकृतिक/जैविक कृषि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदाय करने के निर्देश दिए। कृषि अवसंरचना निधि की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले के किसानों को कुसुम बी घटक अंतर्गत सोलर पंप के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ आवेदन प्रस्तुत करने हेतु जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होने नरवाई प्रबंधन हेतु किसानों को रबी फसलों की कटाई के बाद शेष अपशेष को मृदा में अपघटित करने हेतु उन्नत कृषि यन्त्र का उपयोग करने के लिये जागरूक करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे, उप परियोजना संचालक (आत्मा) अखिलेश पटेल, अनुविभागीय कृषि अधिकारी रचना पटेल, सहायक कृषि यंत्री प्रीति चौधरी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक (आत्मा), सहायक तकनीकी प्रबंधक (आत्मा) हरदा, टिमरनी व खिरकिया आदि उपस्थित थे।

---

### स्वदेशी मेला का भूमि पूजन

## स्वदेशी अवधारणा को जन तक पहुंचाने की आवश्यकताः पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रानी लक्ष्मीबाई मिडिल स्कूल मैदान पर 4 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला का भूमि पूजन सोमवार को हुआ। स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस मेले का भूमि पूजन मध्य प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री और स्वदेशी मेला आयोजन के संरक्षक कमल पटेल ने किया। इस अवसर पर कमल पटेल ने स्वदेशी अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जहां पूरा विश्व हथियारों की लड़ाई से तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहा है, वहीं व्यापारिक कूटनीति से भी युद्ध जारी हैं। ऐसे में स्वदेशी क्रय-विक्रय और रोजगार की भावना 'ब्रह्मोस मिसाइल' का कार्य करती है, जो आर्थिक युद्ध में विजय दिलाती है। उन्होंने स्वदेशी मेले को इस भावना को जन-जन तक पहुंचाने का श्रेष्ठ माध्यम बताया। स्वदेशी मेला सह-संयोजक डॉ. एल.एन. पाराशर ने बताया कि इस वर्ष मेले को बहुत विस्तृत स्वरूप में आयोजित करने की रूपरेखा बनाई गई है। इसमें बच्चों के लिए आकर्षक झूले, वरिष्ठ और नेत्र रोगियों के लिए व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य मेला तथा स्थानीय एवं प्रांतीय स्तर की सांस्कृतिक झलकियां देखने को मिलेंगी। स्वदेशी मेला आयोजन के लिए निर्मित ब्रोशर का विमोचन केंद्रीय मंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके की उपस्थिति में हुआ। उइके ने कहा कि यह मेला 'स्व' के भाव को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इससे स्वदेशी भावना को मजबूती मिलेगी। आयोजकों ने बताया कि स्वदेशी मेला पूर्ण अनुशासन और गरिमा के साथ आयोजित किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, मार्गदर्शक नरेंद्र राठी, नरेंद्र भांबू, बनवारीलाल यादव, ओपी राठौर, श्याम छपरवाल, बसंत राजपूत, योगमाया शर्मा, त्रिलोक शर्मा, राजेश कपूर गणमान्य नागरिक और समाज सेवी उपस्थित रहे।

---

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष

## जिले में होगा हिंदू सम्मेलन, संगठन के पदाधिकारी तैयारियों में जुट गए



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हरदा जिले में विराट हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में आपसी समरसता और एकता के भाव को सुदृढ़ करना है। हरदा जिले के 65 मंडलों (10 से 15 ग्राम) और नगरीय क्षेत्रों की 22 बस्तियों (10 से 20 हजार जनसंख्या) में ये सम्मेलन आयोजित होंगे, जिनमें लगभग 4.5 लाख हिंदू समाज के लोग सम्मिलित होने की उम्मीद है।

इन आयोजनों का लक्ष्य हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोना, उनमें राष्ट्रभक्ति का भाव जगाना और समाज की सज्जन शक्ति को सक्रिय कर समाज परिवर्तन के कार्यों में लगाना है। सम्मेलनों के माध्यम से सामाजिक समरसता पर विशेष जोर दिया जाएगा और मंदिरों को हिंदू समाज की शक्ति के केंद्र बनाने का प्रयास किया जाएगा। सम्मेलनों का एक अन्य प्रमुख उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना और पारिवारिक व सामाजिक मूल्यों को पुर्नस्थापित करना है। समाज में बढ़ती सामाजिक दूरी, पारिवारिक विघटन और सांस्कृतिक विस्मृति जैसे विषयों पर भी प्रबोधन कर समाज को जागरूक किया जाएगा। इन आयोजनों में कई प्रमुख संत-महात्मा, मठ-मंदिरों के प्रमुख, प्रबुद्धजन और संघ के वरिष्ठ प्रचारक समाज को संबोधित करेंगे।

#### सांस्कृतिक और वैचारिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी

इन सम्मेलनों में कई सांस्कृतिक और वैचारिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। इनमें काव्य पाठ, लोक नृत्य, भजन मंडलियां, भव्य कलश यात्राएं, विभिन्न महापुरुषों की झांकियां, श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन की यात्रा प्रदर्शनी, संघ एवं सेवा भारती द्वारा देशभर में किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रदर्शनी, रक्तदान शिविर और हिंदू वांग्मय प्रदर्शनी शामिल हैं। हिंदू अस्मिता के प्रमुख आंदोलनों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इन हिंदू सम्मेलनों के आयोजन से पहले जिले भर में भूमिपूजन और धर्म ध्वज स्थापित किए जाएंगे। इसके बाद प्रत्येक घर जाकर पीले चावलों से निमंत्रण दिया जाएगा। इन विशाल आयोजनों के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं।

---

### उपाध्यक्ष व भाजपा समर्थित पार्षदों ने खोला मोर्चा

## नप सीएमओ की विकास विरोधी कार्यशैली को लेकर धरना शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

गांधी चौक पर दोपहर से भारतीय जनता पार्टी समर्थित पार्षदों ने नगर परिषद में सीएमओ महेंद्र शर्मा की विकास विरोधी कार्यशैली को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया। उपाध्यक्ष विजयंत गौर, पार्षद नेहा दुआ, पार्षद सोनम सोनी, पार्षद लक्ष्मी यादव, पार्षद पुष्पा जैन, पार्षद सुरेंद्र आठनेरे, पार्षद रमाबाई गौर, पार्षद राजेश मालाकार, अरुण पांडेय, रवींद्र दुआ, सतनारायण गौर समेत अन्य जनप्रतिनिधि धरना प्रदर्शन में शामिल हुए ।

उपाध्यक्ष विजयंत गौर बताया कि नगर परिषद में साधारण सभा की बैठक में सीएमओ के द्वारा प्रोसिडिंग रजिस्टर पर प्रोसेडिंग नहीं लिखे जाने को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। 20 नवंबर को परिषद द्वारा बैठक बुलाई गई थी जिसमें बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पास किए गए थे लेकिन सीएमओ महेंद्र द्वारा 12 दिन बीत जाने के बाद भी प्रोसीडिंग नहीं लिखी गई जो कि नियम विरुद्ध है संबंधित अधिकारी एवं बाबू को तत्काल हटाए जाने की मांग की गई है जब तक यह नहीं होता तब तक धरना जारी रहेगा। वार्ड क्रमांक 4 से पार्षद एवं पीआईसी सदस्य नेहा दुआ ने बताया कि पहली बैठक में गांधी चौक के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाया था आज तक ऐतिहासिक विरासत पर कोई भी काम नहीं हुआ । ऐसा लगातार 3 सालों से होता आ रहा है । बहुमत के आधार पर पीआईसी में प्रस्ताव पास होते हैं शुक्रवार को जो बैठक हुई थी उस पीआईसी में बहुमत नहीं है। प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग की सदस्य सोनम सोनी ने बताया कि हमारे द्वारा बैठक में जो प्रस्ताव दिए जाते हैं उसे पर कोई काम नहीं होता अपनी मनमर्जी से प्रस्ताव लिखे जाते हैं ऐसी बैठक में जाने का कोई मतलब नहीं है अध्यक्ष द्वारा अपने घर के चारों ओर सड़क निर्माण कर लिए गए जो की उचित नहीं है वार्ड क्रमांक 6 में कई स्थानों पर आज भी सड़क निर्माण नहीं हुए हैं वार्ड वासी बेहद परेशान है लेकिन उनकी कोई भी सुनवाई नहीं है ।

#### पुरानी बैठकों में लिए गए प्रस्ताव पर आज तक काम नहीं हुआ

पीआईसी सदस्य एवं पार्षद लक्ष्मी यादव ने बताया कि पुरानी बैठकों में लिए गए प्रस्ताव पर आज तक काम नहीं हुआ। कई बार इसको लेकर अध्यक्ष को बताया गया। पहले पुराने प्रस्ताव पर काम होना चाहिए इसके बाद नहीं बैठक बुलाना चाहिए, इस प्रकार की बैठक का कोई औचित्य नहीं है इसलिए मैं बैठक में उपस्थित नहीं हुई । गांधी चौक पर आयोजित धरना प्रदर्शन में भाजपा के वरिष्ठ नेता सतनारायण गौर ने बताया कि बीते 3 वर्षों से नगर परिषद में परिषद की बैठक आयोजित की जाती है बार-बार प्रस्ताव लिए जाते हैं लेकिन उसे अमल में नहीं लाया जाता है । छीपाबड़ का महाराणा प्रताप चौक व्यस्ततम इलाका है वहां पर शौचालय की मांग लंबे समय से है परिषद 3 सालों में उसे भी नहीं बनवा पाई है।

#### *नगर परिषद की उदासीनता के चलते कई काम अटके हुए*

*सतनारायण गौर ने बताया कि नगर परिषद में उनकी धर्मपत्नी रमा गौर पार्षद है इसके चलते वार्ड की जनता उनसे बार-बार विकास कार्यों के संबंध में बात करती है लेकिन नगर परिषद की उदासीनता के चलते कई काम अटके हुए हैं। प्रोसेडिंग रजिस्टर नगर पालिका परिषद का प्रोसेडिंग रजिस्टर एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होकर शासकीय दस्तावेज है जिसमें नगर की चुनी हुई परिषद द्वारा नियमानुसार विचार विमर्श कर निर्णय लेकर संकल्प पारित करते है जिसके आधार पर ही नगर परिषद कार्य करती है। ऐसे महत्वपूर्ण दस्तावेज में काट छांट कर नगर के द्वारा चुनी गई परिषद का अपमान किए जाने के उद्देश्य से ऐसा कृत्य किया जा गया है।*

#### *इनका कहना है...*

*नगर परिषद उपाध्यक्ष, पार्षदों के धरने की जानकारी मिली है, नगरीय प्रशासन के ज्वाइंट डायरेक्टर से सीएमओ के संबंध में चर्चा की गई है जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।*

***सिद्धार्थ जैन**, कलेक्टर हरदा*

---

### संभागायुक्त ने एसआईआर मैपिंग, सत्यापन का लिया जायजा

**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी सोमवार को तहसील टिमरनी के ग्राम टेमागांव के ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में संलग्न सभी बीएलओ से आमने-सामने चर्चा की और मेपिंग व सत्यापन कार्य के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कमिश्नर श्री तिवारी ने एसडीएम टिमरनी संजीव नागू को निर्देश दिए कि सभी बीएलओ सत्यापन का कार्य पूर्ण करें। भ्रमण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास जी.सी. दोहर, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



---

### जिले में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ कार्रवाई जारी

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में हरदा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध उत्खनन की शिकायत पर गत दिवस 5 दिसम्बर को खनिज अधिकारी द्वारा ग्राम कपासी, तहसील रहटगांव में शिकायत की जांच की गई, जिसमें ठेकेदार द्वारा 800 घन मीटर का अवैध उत्खनन पाया गया। इस संबंध में प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु अपर कलेक्टर न्यायालय हरदा में प्रेषित किया जा रहा है। इसी प्रकार 5 दिसम्बर को ग्राम हंडिया में अवैध भंडारण की जांच की गई। जांच के दौरान मेसर्स प्रजापति ट्रेडर्स हंडिया एवं सानवी ट्रेडर्स हंडिया द्वारा कुल 24 घन मीटर का अवैध भंडारण पाया गया, प्रकरण अपर कलेक्टर न्यायालय हरदा में प्रेषित किया जा रहा है। सभी प्रकरणों में म.प्र. अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी।

---

### भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पीपल्या बना गोकुल वृंदावन

## धूमधाम से मनाया नंद उत्सव, खूब बधाई बांटी गई

**हरदा।** पीपल्या के गौर मांगलिक भवन राधाकृष्ण मन्दिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में समस्त जनमानस ने मिलकर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ में नंद नंदन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया।

इस दौरान बड़ी भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे। नंदोत्सव में खूब बधाई बाटी गई, बधाई के साथ माखन मिश्री लुटाई गई और सभी ने खूब आनंद को प्राप्त किया। कथा व्यास पंडित तरुण तिवारी महाराज ने भागवत कथा के प्रसंग में प्रहलाद चरित्र की दिव्य कथा सुना करके यह संदेश दिया कि भगवान का भजन हमें बाल्यावस्था से ही करना चाहिए। क्योंकि जीवन का कोई भरोसा नहीं कब जीवन समाप्त हो जाए। समुद्र मंथन की कथा सुना करके संकेत दिया की सबसे पहले मंथन होता है। तो विष जहर ही निकलता है हमारे जीवन में भी यदि असफलता हमें प्राप्त हो रही है। तो हमे यह मान के रखना चाहिए कि आप प्रयास करते रहिए एक न एक दिन अमृत भी निकलेगा और अमृत उसी के हाथ में आता है जो पहले विष पीना जानता है। नवम स्कंध के अंतर्गत सुंदर भक्त अंबरीष महाराज की कथा एवं राम कथा सारांश रूप में श्रवण कराई दिव्य आनंद यहां पर हो रहा है। मंगलवार को कथा प्रसंग में भगवान की बाल लीलाओं का श्रवण कराया जाएगा और श्री गोवर्धन महाराज को छप्पन भोग लगाए जाएंगे।




---

### श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन राम नाम की महिमा सुनाई

## राम नाम हमें भवसागर में डूबने नहीं देगाः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

श्रीसिध्द खेडापति हनुमान मंदिर गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से रहटगाँव के पंछी मोहल्ले में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। रहटगांव श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन जिन राम के नाम से समुद्र मे पत्थर तैर गये तो हम भी विश्वास रखे की भले राम ना मिले पर उनका नाम मिला वह हमे भवसागर में डूबने नही देगा। राम और कृष्ण अवतार लेकर भगवान ने केवल मानव नही संपूर्ण जीव आत्माओ का उद्धार किया। इसीलिए राम और कृष्ण की कथा पूरी नही भी सुन सके तो उनका नाम जप लेना या नाम सुन लेने मात्र से मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। यह बात प सुनील शर्मा ने रहटगांव नगर मे चल रही भागवत कथा मे बालकृष्ण के जन्म उत्सव मे कही। समुद्र के मंथन से अमृत निकला जो हर जीवआत्मां से परे था। पर इस धरा पर गैया और मैया ने ही उस अमृत को अधराअमृत के रूप मे पिलाकर हमे सक्षम वनाया। धर्म और अमृत के मामले मे राक्षस एक हो गये थे। तो हम तो मनुष्य है हम भी एक रहे,घर की लडाई का समझौता सरल है। पर धर्म की लडाई का समझौता कठिन है। अंग्रेजी भाषा का एक शब्द है कि हम क्वान्टिटी मे ही नही क्वालिटी मे भी आगे रहे। कौरवो के पास संख्या ज्यादा थी साथ ही श्री कृष्ण जी की पूरी सेना भी थी पर स्वयं सेनापति कृष्ण पांडव और धर्म के पक्ष मे थे नंद घर आनंद भयो के साथ पूरा कथा स्थल धर्म मय हो गया। प्रतिदिन प्रातः काल भगवान का पूजन पं. अभिषेक शर्मा पं. बालकृष्ण शमी के द्वारा कराया जा रहा। श्रीमद् भागवत आरती एवं महाप्रसाद का वितरण किया।

